राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# आम जन से भी सहयोग की अपील की

## राज्यपाल श्री बागडे ने असाध्य बीमारी के संबंध में प्रकाशित समाचार पर संज्ञान लेते हुए 1 लाख रू. राशि प्रदान की

जयपुर, 17 सितम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने खून की दुर्लभ बीमारी डायमंड ब्लैक फैन एनीमिया से पीड़ित चार साल की बच्ची युक्ति कुशवाहा के संबंध में प्रकाशित समाचार पर संज्ञान लेते हुए अपने वैवेकिक अनुदान कोष से एक लाख रुपये राशि का सहयोग प्रदान किया है। यह राशि बच्ची के पिता श्री साभा सिंह कुशवाहा के खाते में सीधे स्थानांतरित की गयी है।

राज्यपाल श्री बागडे ने समाचार पत्र में 'खून की दुर्लभ बीमारी...मौत से जंग लड़ रही ...' समाचार में बच्ची की बीमारी से द्रवित होकर तुरंत उसके पिता को अपने यहां बुलाया और बीमारी के बारे में पूरी जानकारी ली। उन्होंने रोग के संबंध में सवाई मानसिंह अस्पताल के प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी और ईलाज कर रहे संबंधित चिकित्सक डॉ. राहुल शर्मा से भी बात कर रोग निदान के लिए प्रभावी कार्यवाही किए जाने का आग्रह किया है।

**राज्यपाल की अपील**

राज्यपाल ने आमजन से भी अपील की है कि इस तरह के असाध्य रोग के लिए हर संभव मदद की जाए ताकि समय रहते बच्ची को रोग से राहत मिल सके।

———